ट्रेन के डिब्बों में एक लाख पच्चीस हजार जैव शौचालय लगाए गए

राष्ट्रीय समाचार

- ग्वालियर-वाराणसी बुंदेलखंड एक्सप्रेस में जनवरी 2011 को 57 जैव शौचालयों की शुरुआत करने के साथ ही भारतीय रेलवे ने मार्च, 2018 तक अपने डिब्बों में करीब 1,25,000 जैव शौचालय लगाए हैं।
- यह भारतीय रेलवे के कोच के बेड़े का करीब 60 प्रतिशत है।

प्रधानमंत्री कल दिल्ली में डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन करेंगे

राष्ट्रीय समाचार

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 26 अलीपुर रोड, दिल्ली स्थित महापरिनिर्वाण स्थल पर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय स्मारक का उद्घाटन करेंगे।
- यह स्मारक भारत के संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके योगदान को समर्पित है।
- प्रधानमंत्री ने 21 मार्च, 2016 को इसकी आधारशिला रखी थी।
- भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश में मऊ में 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था और वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे।

मिशन बुनियाद

राष्ट्रीय समाचार

- दिल्ली के नन्हें बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की कोशिश में दिल्ली सरकार ने 11 अप्रैल 2018 को मिशन बुनियाद की शुरुआत की है।
- इस मिशन के माध्यम से दिल्ली सरकार ने तीन महीने के भीतर राज्य में तीसरी से नौवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने और सामान्य गणित की शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- गर्मियों की छुट्टियों के दौरान चलने वाले इस अभियान के लिए सरकार ने रेडियो और बैठकों के जरिए अभिवावकों से अपील की है कि इस दौरान दिल्ली रहकर बच्चों को एक्टिविटी पर आधारित क्लासों में भेजें।

राष्ट्रीय समाचार

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत और आईएसए के बीच मेजबान देश समझौते को मंजूरी दी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 अप्रैल 2018 को भारत और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के बीच मुख्यालयों (मेजबान देश) में प्रवेश के लिए हुए समझौते और मुख्यालय समझौते पर हस्ताक्षर के लिए विदेश मंत्रालय को अधिकृत करने की मंजूरी दे दी है।
- इस समझौते पर 26 मार्च 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे। मुख्यालय समझौते से भारत और आईएसए के बीच कामकाजी प्रबंधों को संस्थागत रूप मिलेगा।
- इससे आईएसए को अंतर्राष्ट्रीय अंतर सरकारी संगठन बनने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रीय समाचार

पूर्वोत्तर के लिए नीति आयोग फोरम ने पांच सूत्रीय विकास मिशन तय किया

- त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में 10 अप्रैल 2018 को 'पूर्वोत्तर के लिए नीति फोरम' की पहली बैठक हुई।
- बैठक में त्रिपुरा, नागालैण्ड और मेघालय के मुख्यमंत्रियों के अलावा नीति आयोग और केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।
- नीति फोरम शुरू करने का उद्देश्य नियमित गतिविधियों से अलग इस क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए नए विचार और दृष्टिकोण को देखना है।

राष्ट्रीय समाचार

जियो और सोडेक्सो में समझौता, जियो मनी से होगा पेमेंट

- जियो यूजर्स के लिए सोडेक्सो का इस्तेमाल अब अधिक सुविधाजनक हो गया है।
- रिलायंस जियो और सोडेक्सोके बीच साझेदारी हुई है।
- सोडेक्सो कार्ड धारक अब जियो मनी (जियो पेमेंट्स बैंक का ई वॉलिट) के इस्तेमाल से डिजिटल पेमेंट कर सकेंगे।
- सोडेस्को विभिन्न संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को मील पास के जरिए फायदा पहुंचाने के मामले में अग्रणी कंपनी है।

अरबों की धोखाधड़ी में 2 भारतीयों को मिली 500 साल की कैद

राष्ट्रीय समाचार

- दुबई कोर्ट ने रविवार को 2 भारतीयों को 200 मिलियन डॉलर (1305 करोड़) के घोटाले में 500 साल से ज्यादा की सजा सुनाई गई है।

- गोवा के रहने वाले सिडनी लिमोस और उनके सीनियर अकाउंट स्पेशलिस्ट रियान डिसूजा का बड़ा ही रौब था।
- फुटबॉल की दुनिया में उनके बड़े-बड़े खिलाड़ियों से पहचान थी।
- लिमोस और रियान ने मिलकर पोंजी स्कीम के तहत हजारों निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की।

पीएसएलवी-सी41 ने नेविगेशन उपग्रह आईआरएनएसएस-II का सफल परीक्षण

प्रतिरक्षा

- अपनी तैंतालिसवीं उड़ान में, इसरो के ध्रुवीय उपग्रह परीक्षण वाहन पीएसएलवी-सी41 ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से आज 1,425 किलोग्राम आईआरएनएसएस -1I नेविगेशन उपग्रह का सफल परीक्षण किया।
- पीएसएलवी-सी 41 योजनानुसार आईएसटी 4 बजकर 4 मिनट (4:04एम) पर पहले लांच पैड से भेजा गया।

एनएचएआई ने अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय परियोजना के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

वैश्विक समाचार

- भारत, म्यांमार और थाइलैंड के बीच व्यापार, व्यवसाय, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाहनों के सुगम आवागमन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने म्यांमार में राजमार्ग के यागयी-कलेवा सेक्शन (40/0 मील के पत्थर से 115/5 मील के पत्थर तक) पर आपात स्थिति में रूकने की लेन के साथ दो लेन के उन्नयन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- समझौते पर कल एनएचएआई ने मेसर्स पुंज लॉयड लिमिटेड – वराह इन्फ्रा लिमिटेड के साथ हस्ताक्षर किए।

यूएई ने महिलाओं और पुरुषों के लिए समान वेतन कानून का अनुमोदन किया

वैश्विक समाचार

- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मंत्रिमंडल ने हाल ही में महिलाओं एवं पुरुषों के लिये समान वेतन कानून को मंजूरी प्रदान की।
- यह नया कानून सुनिश्चित करेगा कि देश की सभी महिलाओं को पुरुषों की तुलना में समान वेतन हासिल हो।
- इसके तहत यूएई के विकास में पुरुषों और महिलाओं का समान योगदान सुनिश्चित किया जा सकेगा।

किदांबी श्रीकांत बने दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन खिलाड़ी

खेल

- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत 12 अप्रैल 2018 को वर्ल्ड बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) की रैंकिंग में पहले स्थान पर आ गए हैं।
- किदांबी श्रीकांत ने डेनमार्क के विक्टर एलेक्सन को पीछे छोड़ते हुए 76,895 पॉइंट्स के साथ विश्व नंबर एक की रैंकिंग हासिल की है।
- विश्व चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सलसन 75470 पॉइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर हैं।
- कोरिया के सोन वेन हू 74670 पॉइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर हैं।

आईआईटी-दिल्ली में देश की पहली 5जी प्रयोगशाला स्थापित

विज्ञान और तकनीक

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली ने अत्याधुनिक 5जी उपकरणों का निर्माण, अनुसंधान और मानक निर्धारित करने हेतु एक रेडियो (बिना तार की) प्रयोगशाला स्थापित की है।
- इस 5जी प्रयोगशाला का शुभारंभ 13 अप्रैल को होगा।
- भारत में यह अपने तरह की पहली प्रयोगशाला है।

रिलायंस को पीछे छोड़ टीसीएस फिर बनी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी

विज्ञान और तकनीक

- देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने गुरुवार को 6 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के स्तर को पार कर लिया।
- इस तरह से टीसीएस रिलायंस इंडस्ट्रीज को पीछे छोड़कर फिर से देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई।
- गुरुवार को कारोबार की समाप्ति पर टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 6,00,569.45 करोड़ रुपये पर रहा।
- बंबई शेयर बाजार में कंपनी के शेयर 4।04 प्रतिशत की बढ़त लेकर 3,137।30 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुए।

पूर्व कार्मिक एवं प्रशिक्षण सचिव भानु पी. शर्मा बैंक बोर्ड ब्यूरो के नए चेयरमैन नियुक्त

नियुक्ति

- सरकार ने गुरुवार को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा को बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) का नया चेयरमैन नियुक्त किया।
- वह विनोद राय की जगह लेंगे।
- विनोद राय को बीबीबी का प्रथम चेयरमैन नियुक्त किया गया था, उनकी नियुक्ति दो साल के लिए हुई थी।

रिजर्व बैंक ने आडीबीआई बैंक पर 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

अर्थव्यवस्था

- आईडीबीआई बैंक ने आज बताया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने उस पर 3 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।
- केंद्रीय बैंक ने यह जुर्माना इनकम रेकग्निशन ऐंड ऐसेट क्लासिफिकेशन (आईआरएसी) नियमों का पालन नहीं करने के लिए लगाया है।

सरकारी तेल कंपनियों की 44 अरब डॉलर की रिफाइनरी में 50% स्टेक लेगा अरामको



- दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनियों में शामिल सऊदी अरामको भारत की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों की ओर से बनाए जा रहे 44 अरब डॉलर के रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स में 50 पर्सेंट हिस्सेदारी लेगा।
- यह दुनिया में सबसे बड़ी रिफाइनरीज में से एक होगी।
- सऊदी अरामको भारत में फ्यूल रिटेलिंग की अनुमति भी मांगेगा। यह देश के पेट्रोलियम सेक्टर में बड़े इन्वेस्टमेंट में से एक है।

अर्थव्यवस्था